मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में नवनिर्मित 'छत्तीसगढ़ निवास' का किया वर्चुअल शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

- 27 सितंबर, 2023 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने निवास कार्यालय से राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली के द्वारका में नवनिर्मित 'छत्तीसगढ़ निवास' का वर्चुअल शुभारंभ कर छत्तीसगढ़वासियों को बड़ी सौगात दी।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों को नई दिल्ली में ठहरने के लिये छत्तीसगढ़ निवास के रूप में नया भवन मिल गया है। इससे प्रदेश के ज़रूरतमंदों सहित सभी के रुकने-ठहरने की दिक्कत दूर हो जाएगी।
- गौरतलब है कि नई दिल्ली द्वारका के सेक्टर 13 में बने इस नए छत्तीसगढ़ निवास भवन की कुल लागत लगभग 60 करोड़ 42 लाख रुपए है। भवन में 61 कमरे, 13 स्यूट रूम, डायनिंग हॉल एंड वेटिंग सहित मीटिंग हॉल और कर्मचारियों के लिये आवासीय टावर का निर्माण किया गया है।
- विभिन्न सरकारी, गैर-सरकारी कार्य एवं चिकित्सा हेतु छत्तीसगढ़ से दिल्ली जाने वाले निवासियों की सुविधा हेतु इसकी परिकल्पना मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने की थी।
- विदित है कि पहले से ही छत्तीसगढ़ शासन के दो भवन 'छत्तीसगढ़ भवन'चाणक्यपुरी व 'छत्तीसगढ़ सदन'सफदरज़ंग हॉस्पिटल के पास नई दिल्ली में अवस्थित हैं, परंतु आधुनिक एवं छत्तीसगढ़ की बढ़ती हुई आवश्यकता की पूर्ति के लिये तीसरे भवन की ज़रूरत काफी दिनों से महसूस की जा रही थी।
- उल्लेखनीय है कि नई दिल्ली के द्वारका में नए 'छत्तीसगढ़ निवास'के निर्माण की आधारशिला 19 जून, 2020 को मुख्यमंत्री ने वर्चुअल शिलान्यास कर रखी थी। यह पहला मौका है कि जब पहली बार इस प्रकार के महत्त्वपूर्ण अत्याधुनिक भवन का निर्माण छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ से बाहर सफलतापूर्वक संपन्न किया गया है।
- लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ निवास के निर्माण के लिये 43 हज़ार 803 वर्गफीट भूमि 22.50 करोड़ रुपए में क्रय की गई है। नवा छत्तीसगढ़ निवास छत्तीसगढ़ संस्कृति और परंपराओं की स्पष्ट झलक दे रहा है।
- नवनिर्मित छत्तीसगढ़ निवास द्वारका के प्राइम लोकेशन में स्थित है। इसके आस-पास भव्य मॉल, फाइव स्टार होटल, खूबसूरत पार्क, नया उत्तर प्रदेश भवन, अरुणाचल भवन, दिल्ली का सबसे बड़ा इस्कॉन टेंपल आदि के अलावा कनेक्टिविटी की दृष्टि से भी इसकी लोकेशन शानदार है। द्वारका सेक्टर 13 का मेट्रो स्टेशन इस नवनिर्मित भवन के पास में ही है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chief-minister-virtually-inaugurated-the-newly-constructed-chhattisgarh-niwas-in-new-delhi